RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 222 | नागौर, 16 जुलाई, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# विक्रमसिंघे बने श्रीलंका के राष्ट्रपति

कोलंबो.

गंभीर आर्थिक और राजनीतिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका को सात दिन के अंदर नया राष्ट्रपति मिल जाएगा। संसद के स्पीकर महिंदा यापा अभयवर्धने ने शुक्रवार को इस बात की घोषणा की। उन्होंने बताया कि गुरुवार को गोटबाया राजपक्षे ने कानूनी तौर पर राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति चुनाव 22 जुलाई को होगा। इस बीच प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने कार्यकारी राष्ट्रपति के तौर पर पद संभाल लिया है। श्रीलंका के चीफ जस्टिस जयंत जयसूर्या ने उन्हें शपथ दिलाई। वे 22 जुलाई तक राष्ट्रपति रहेंगे। अभयवर्धने ने बताया कि अब संसद की बैठक शनिवार को होगी। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे सांसदों के लिए शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखें, ताकि वे राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया में भाग ले सकें।

इधर, श्रीलंका की शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व पीएम महिंदा राजपक्षे और पूर्व फाइनेंस मिनिस्टर बासिल राजपक्षे के देश छोड़ने पर रोक लगा दी है। ये दोनों 28 जुलाई तक अदालत की अनुमति के बिना देश से बाहर नहीं जा सकते। इनके साथ ही सेंट्रल बैंक के दो पूर्व गवर्नर्स के भी बिना अनुमति देश छोड़ने पर रोक लगा दी गई है।

### मालदीव से सिंगापुर पहुंचे गोटबाया

वहीं, श्रीलंका से भागकर मालदीव पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे अब सिंगापुर पहुंच गए हैं। सऊदी एयरलाइंस का एक विमान गुरुवार शाम उन्हें लेकर सिंगापुर के चांगी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा। उनके साथ पत्नी और दो बॉडीगार्ड भी थे। गोटबाया एयरपोर्ट पर पत्नी संग शॉपिंग करते दिखे। तस्वीर- श्रीलंका के अखबार डेली मिरर ने शेयर की है। सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट पर टर्मिनल 3 के एक शोरूम में मौजूद गोटबाया और उनकी पत्नी। ट्विटर पर यह तस्वीर डेली मिरर ने एक पैसेंजर के हवाले से शेयर की है। सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट पर टर्मिनल 3 के एक शोरूम में मौजूद गोटबाया और उनकी पत्नी। ट्विटर पर यह तस्वीर डेली मिरर ने एक पैसेंजर के हवाले से शेयर की है। उधर, सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने कहा, गोटबाया राजपक्षे निजी यात्रा पर आए हैं।

## 7 दिन बाद नए राष्ट्रपति का चुनाव


## सुप्रीम कोर्ट ने महिंदा राजपक्षे के देश छोड़ने पर रोक लगाई

### सेना ने राष्ट्रपति भवन से भीड़ को हटाया

श्रीलंका में गुस्साई भीड़ से निपटने की जिम्मेदारी सेना ने संभाल ली है। सेना ने राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री दफ्तर समेत प्रशासनिक इमारतों से जनता को हटा दिया है। जनता को संसद में घुसने से रोकने के लिए टैंक तैनात किए गए हैं। संसद के प्रवक्ता ने कहा कि गोटबाया ने इस्तीफा दे दिया है। इसलिए आज संसद का सत्र शुरू हो सकता है।

### स्पीकर को मिल चुका है राजपक्षे का इस्तीफा

स्पीकर महिंदा यापा अभयवर्धने को राजपक्षे का इस्तीफा मिल चुका है। यह इस्तीफा श्रीलंका में सिंगापुर एम्बेसी के माध्यम से मिला। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि उन्होंने स्पीकर को इस्तीफा ई-मेल किया है। वहीं, राजपक्षे के इस्तीफे के बाद कोलंबो में लोग जश्न मनाते और डांस करते नजर आए।



### श्रीलंका संकट से जुड़े अपडेट्स...

- देश में हिंसक प्रदर्शन को रोकने के लिए सेना को बल प्रयोग की इजाजत दी गई।
- गुरुवार को दोपहर 12 बजे से शुक्रवार सुबह 5 बजे तक कोलंबो में कर्फ्यू लगाया गया।
- प्रदर्शनकारी कब्जा की गई सरकारी इमारतों को खाली करने के लिए बातचीत कर रहे हैं।
- श्रीलंकाई अधिकारियों ने गुरुवार को पश्चिमी प्रांत में लगाया गया कर्फ्यू हटा लिया है।

### राष्ट्रपति आवास से बाहर निकले प्रदर्शनकारी

कोलंबो में विरोध प्रदर्शन अभी भी जारी है। इस बीच संसद भवन की सुरक्षा के लिए टैंकों की तैनाती की गई है। दूसरी तरफ प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास और प्रधानमंत्री आवास खाली कर दिया है। इन दोनों जगहों को सेना ने अपने नियंत्रण में ले लिया है।

# सीए-2022 के फाइनल का रिजल्ट जारी : जयपुर के अक्षत ने हासिल की दूसरी रैंक



जयपुर.

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की ओर से सीए मई, 2022 एग्जाम का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें 642 नंबर्स के साथ मुंबई के अनिस शाह ने देशभर में फर्स्ट रैंक हासिल की है। वहीं, 639 नंबर्स के साथ जयपुर के अक्षत गोयल ने सेकेंड रैंक अपने नाम की है। 611 नंबर्स के साथ सूरत की सृष्टि के सांघवी ने थर्ड रैंक हासिल की है। अक्षत के साथ राजस्थान के कुल 5 छात्रों ने टॉप 50 में जगह बनाई है। इनमें जयपुर की वंदिता सोकिया ने ऑल इंडिया 13वी रैंक, रितिक सिंघल ने ऑल इंडिया 17वी रैंक, रक्षिता खंडेलवाल ने ऑल इंडिया 33वी रैंक और नमन सांघी ने ऑल इंडिया 50वी रैंक हासिल की है। सीए फाइनल रिजल्ट में ऑल इंडिया सेकेंड रैंक हासिल करने वाले अक्षत गोयल ने बताया कि मैंने 12वीं का रिजल्ट जारी होने के साथ ही फाइनल्स की तैयारी शुरू कर दी थी। प्रॉपर प्लानिंग से तैयारी शुरू की थी। इस वजह से मुझे रिवीजन के लिए भी 10 से 11 महीने का वक्त मिल गया। इस दौरान मैं लगातार पढ़ने के साथ मॉक टेस्ट देता था। ताकि अपनी गलतियों को सुधार सकूं। अक्षत ने बताया कि मेरे पिता भी सीए हैं। ऐसे में जब भी मुझे किसी तरह की प्रॉब्लम होती। घर पर ही मुझे उसका सलूशन मिल जाता था। यही कारण है कि आज मेरी सेकेंड रैंक आई है।

ऑल इंडिया 13वीं रैंक हासिल करने वाली जयपुर की वंदिता सोकिया ने बताया कि मैं दिन में 12 से 16 घंटे तक पढ़ाई करती थी। ऐसे में कई बार डी-मोटिवेट हो जाती थी। उस वक्त मेरी फैमिली ने मुझे पूरा सपोर्ट किया। मेरे पेरेंट्स ने मुझे मोटिवेट किया। फैमिली के मोरल सपोर्ट की वजह से ही आज में यहां तक पहुंच पाई हूं।

ऑल ओवर इंडिया 17वीं रैंक हासिल करने वाले ऋतिक सिंघल ने बताया फिलहाल में जॉब करना चाहूंगा। ताकि मुझे फील्ड की भी नॉलेज मिलती रही। इसके साथ ही मैं हायर स्टडी कर स्टूडेंट्स को टीचिंग देना चाहूंगा। ताकि हायर स्टडीज की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स को प्रॉपर प्लेटफार्म दे सकूं।

# राजस्थान में भारी बारिश, सेना से मांगी मदद

## श्रीगंगानगर में 43 साल का रिकॉर्ड टूटा, कई शहरों में बाढ़ के हालात

जयपुर।

राजस्थान में इस साल बारिश कई रिकॉर्ड तोड़ती नजर आ रही है। अब तक प्रदेश में सामान्य से 48 फीसदी अधिक बारिश हो चुकी है। मौसम केन्द्र का कहना है कि पूरे राजस्थान में मानसून एक्टिव है और आने वाले दिनों में भी प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है। बीते 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक बरसात श्रीगंगानगर में 10 इंच (260एमएम) बरसात रिकॉर्ड की गई, जो जिले में चार दशक में होने वाली सबसे अधिक बारिश है। लगातार बरसात से शहर के हालात खराब हो गए हैं। प्रशासन ने इस चुनौती से निपटने के लिए सेना से मदद मांगी है। इसके अलावा उदयपुर, सिरोही में भी 100एमएम से ज्यादा बारिश हुई। लगातार बरसात के कारण कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति हो गई है। वहीं, मौसम केन्द्र जयपुर ने अगले 48 घंटों में भी 22 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट दिया है।



### जिला कलक्टर ने मांगी मदद

गंगानगर में शुरू हुई तेज बारिश रुक-रुककर देर रात तक जारी रही। करीब 10 घंटे में यहां 260एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। भारी बरसात के कारण शहर में जगह-जगह पानी भरा है और हालात बिगड़े हैं। यहां शहर की सड़कों पर पानी की निकासी नहीं होने के कारण मई जगह घुटनों तक पानी भर गया। कलेक्टर रूकमणी रियार ने बताया कि पानी इतना ज्यादा भर गया है कि यूआईटी और नगर परिषद के पास जो मडपम्प व अन्य संसाधन हैं वे फेल हो गए हैं। इसलिए सेना से बड़े मडपम्प और कुछ लोगों को मदद के लिए कहा है। मौसम केन्द्र से मिली रिपोर्ट के मुताबिक गंगानगर जिले में जुलाई के महीने में 18 जुलाई 1978 को गंगानगर में सर्वाधिक 108एमएम बारिश हुई थी, जो सबसे ज्यादा थी। इसके 43 साल बाद सबसे अधिक बारिश गुरुवार को रिकॉर्ड हुई। गंगानगर के अलावा जैसलमेर, झालावाड़, प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और अलवर में भी भारी बारिश हुई। इन जिलों में 3-5 इंच तक बरिश हुई। उदयपुर के खेरवाड़ा और सिरोही के पिंडवाड़ा में 100एमएम से ज्यादा बरसात हुई। सिरोही में तेज बारिश के बाद वेस्ट बनास नदी में पानी बहना शुरू हो गया। बिजली-बारिश की चेतावनी मौसम केंद्र ने आधे से अधिक राजस्थान में आने वाले दो दिन में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसमें जयपुर, नागौर, चूरू, टोंक, बूंदी, बीकानेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ, अजमेर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, पाली, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, श्रीगंगानगर में आकाशीय बिजली के साथ बारिश होने की संभावना है।

# अब संसद में धरना मना है

## परिसर में धरना, हड़ताल, अनशन नहीं कर सकते सांसद, धार्मिक आयोजन भी बैन



नई दिल्ली.

18 जुलाई से मानसून सत्र शुरू होने वाला है। इससे बीच राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी ने एक नया आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि संसद में किसी भी तरह के धरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सांसद किसी भी प्रदर्शन, धरना, हड़ताल, अनशन या किसी भी तरह के धार्मिक समारोह संसद भवन के परिसर में नहीं कर सकेंगे। राज्यसभा महासचिव ने इसके लिए सदस्यों का सहयोग भी मांगा है। इससे पहले बुधवार को लोकसभा सचिवालय ने असंसदीय शब्दों की लिस्ट जारी की थी। आप नेता संजय सिंह ने भी केंद्र सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा कि संसद में कई शब्दों पर रोक लगा दी गई है। अब इन शब्दों के पर्यायवाची निकाल लिए गए हैं। तानाशाही नहीं बोल सकते तो मोदीशाही बोल देंगे। दादागिरी की जगह मोदी-शाहगिरी बोल देंगे।

उन्होंने ऐसे ही कुछ शब्दों के पर्यायवाची बोलकर कहा अगर आप इन चीजों पर रोक लगाना चाहते हैं और चाहते हैं कि हम लोग ये बातें नहीं बोल सकते, तो इसके बोलने के कई तरीके हैं। उन तरीकों का हम इस्तेमाल करेंगे। हमारी आवाज को दबाने की कोशिश मत कीजिए। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने भी नए आदेश की आलोचना की। उन्होंने कहा कि क्यों ना गांधी जी की प्रतिमा को परिसर से हटा दिया जाए और आर्टिकल 19(1ए) को भी मिटा दिया जाए। इससे पहले लोकसभा सचिवालय ने बुधवार को संसद के मानसून सत्र से पहले एक पुस्तिका जारी की।

## जयपुर में 5 पर हमला करने वाले लेपर्ड की मौत

जयपुर।

गुरुवार सुबह जिस लेपर्ड ने चंदवाजी इलाके दहशत फैला दी। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। लेपर्ड को ट्रेंकुलाइज कर जयपुर के बायोलॉजिकल पार्क में लाया गया था। उसके सिर में चोट लगी हुई थी। मूंह से खून निकल रहा था। डॉक्टर ने कहा था कि इलाज के बाद लेपर्ड को फिर से जंगल में छोड़ा जाएगा। इससे पहले ही पिंजरे में मौत हो गई। लेपर्ड का इलाज कर रहे डॉक्टर अरविंद माथुर ने बताया कि तीन डॉक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इससे मौत के कारणों का पता चलेगा। दरअसल, लेपर्ड ने बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 4 बजे जयपुर शहर के नजदीक चंदवाजी में लेपर्ड ने एक बच्चे सहित 5 लोगों पर हमला कर दिया। सभी घायलों को जयपुर के एसएमएस व प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची। टीम को उसे ट्रैंकुलाइज करने में 4 घंटे लग गए। यहां से रेस्क्यू कर उसे नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में लाया गया था। जानकारों की मानें तो जानवर की हत्या करने पर सात साल की सजा तक हो सकती है। हालांकि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है। साथ ही उपचार में लापरवाही भी सामने आ सकती है।

# बीकानेर के 13 लाख लोगों की पेयजल समस्या का होगा स्थाई समाधान : गहलोत



### शहरी पुर्नगठित जल प्रदाय योजना का शिलान्यास

जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि शहरी पुर्नगठित जल प्रदाय योजना से बीकानेर शहर और आसपास के 32 गांवों के लगभग 13 लाख लोगों की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान हो सकेगा। गहलोत शुक्रवार को बीकानेर के रवींद्र रंगमंच सभागार में जलप्रदाय योजना के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह योजना बीकानेर के लिए अत्यंत लाभदायक साबित होगी। उन्होंने इसका समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के लोग पानी का मोल समझते हैं तथा इसका प्रभावी प्रबंधन करते आए हैं। उन्होंने इंदिरा गांधी नहर परियोजना को पश्चिमी राजस्थान की लाइफलाइन बताते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ईस्टर्न केनाल परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करे। इससे प्रदेश के 13 जिलों को इसका प्रत्यक्ष लाभ होगा। गहलोत ने कहा कि देश में 10 प्रतिशत भू-भाग वाले राजस्थान में सिर्फ 1 प्रतिशत सतही जल उपलब्ध है। ऐसे में इसका प्रभावी प्रबंधन बड़ी चुनौती है। इसके बावजूद राज्य सरकार द्वारा घर-घर तक पानी पहुंचाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश के 45 लाख से अधिक परिवारों का बिजली बिल शून्य आने लगा है। राजस्थान देश का पहला राज्य है, जहां मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से प्रत्येक परिवार को 10 लाख रूपये का नि:शुल्क इलाज मिल रहा है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ रहा है। लगभग 90 लाख लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिल रही है। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक व्यक्ति तक सुशासन पहुंचाने को संकल्पबद्ध है। सरकार के जनकल्याणकारी निर्णयों से प्रत्येक वर्ग को लाभ मिल रहा है। शहरी क्षेत्र में रोजगार के लिए इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरू की जा रही है। मनरेगा के तहत 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार का प्रावधान किया गया है, जिस पर होने वाला व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने कहा कि बीकानेर शहर की वर्ष 2052 तक की पेयजल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2019-20 के बजट में इस योजना की घोषणा की गई थी।

योजना के मास्टर प्लान के अनुसार प्रथम चरण में 614.9 करोड़ तथा दूसरे चरण में 798 करोड़ रूपए के कार्य कराए जाएंगे। डॉ. कल्ला ने बताया कि जलप्रदाय योजना के प्रथम पैकेज के लिए 176 करोड़ रूपए के कार्यादेश जारी कर दिए गए हैं। इसके तहत चकगर्बी में 30 हजार लाख लीटर व बीछवाल में 25 हजार लाख लीटर क्षमता के रॉ वाटर जलाशय तथा दोनों स्थानों पर 300 लाख लीटर क्षमता के जल शोधन यंत्रा स्थापित किए जाएंगे।

## रूस-यूक्रेन जंग : विन्नित्सिया शहर पर मिसाइल अटैक इमारतों के बीच एक के बाद एक 3 मिसाइलें गिरीं, 23 की मौत



कीव/मॉस्को।

रूस ने यूक्रेन के विन्नित्सिया शहर पर मिसाइल अटैक किया है। इसमें 23 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मरने वालों में 3 बच्चे भी शामिल हैं। मिसाइलें इमारतों के आसपास आकर गिरी हैं। मलबे में दबे लोगों को निकाला जा रहा है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान 64 लोगों को मलबे से निकाला गया। 4 बच्चे भी बुरी तरह घायल हैं। सभी 64 लोगों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। इनमें 34 लोगों की हालत गंभीर है। हमले में 50 से अधिक इमारतें और 40 से अधिक कारें क्षतिग्रस्त हो गईं हैं। अब तक केवल 6 शवों की पहचान की गई है। अन्य लोगों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। इसके लिए शवों को भेज दिया गया है। यूक्रेन की स्टेट इमरजेंसी सर्विस ने हमले की पुष्टि की है। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने यह दावा किया है। रूस की मिसाइलों ने मध्य यूक्रेन के विन्नित्सिया शहर के नागरिक इमारत और सांस्कृतिक केन्द्र पर हमला किया है।

### 3 हजार मिसाइल हमलों का सामना कर चुका है यूक्रेन

यूक्रेन की ओर से इस हमले को शांतिपूर्ण शहर में कब्जा करने वालों का एक और अपराध बताया गया है। यूक्रेन के मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा है कि यूक्रेन पहले ही लगभग 3,000 मिसाइलों के हमलों का सामना कर चुका है। यह एक और भीषण हमला है।

### रूसी सेना ने जपोरिजिया को बनाया था निशाना

इससे पहले बुधवार को जपोरिजिया प्रांत में रूस ने 2 रॉकेट दागे थे। कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक, इस रॉकेट हमले में 23 लोग गंभीर रूप से घायल हो हुए।

## सम्पादकीय

# एहतियात की खुराक

इसमें संदेह नहीं कि फिलहाल कोरोना विषाणु के संक्रमण का जोर कम है, लेकिन रह-रह कर इसके बहुरूपों के फैलने की खबरें आती रहती हैं। अक्सर ऐसा हुआ है जब आम लोगों ने अपने स्तर पर लापरवाही बरती तो उसके नतीजे में संक्रमण के मामलों में तेजी आ गई। हालांकि इससे बचाव के लिए सरकार की ओर से किए गए तमाम उपायों के साथ-साथ देशव्यापी टीकाकरण ने कोरोना की रोकथाम में एक बड़ी भूमिका निभाई है, मगर बड़ी चुनौती यह है कि अगर इस महामारी से राहत के हालात को कायम रखना है तो उसके लिए हर स्तर पर चौकसी बनाए रखी जाए। इस लिहाज से देखें तो सरकार ने टीकाकरण के मोर्चे पर ठोस नतीजे देने वाला काम किया है, जिसके तहत व्यापक पैमाने पर लोगों को टीके की दो खुराक लगाई गई। यह उपाय कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए पूर्व सावधानी के तौर पर उठाए गए अन्य कदमों के अलावा एक सबसे कारगर उपाय रहा।

इसके बाद यह देखा गया कि देश भर में कोरोना के संक्रमण के मामलों में कमी आई। अब सरकार ने घोषणा की है कि अठारह से उनसठ साल के आयुवर्ग वालों को एहतियाती खुराक दी जाएगी। इसकी खास बात यह है कि सरकार ने इस बार टीकों की खुराक मुफ्त देने का फैसला किया है। एहतियाती टीका देने का पचहत्तर दिनों का यह विशेष अभियान आज से शुरू होगा, जिसके तहत सरकारी केंद्रों पर अतिरिक्त खुराक लेने के लिए लोगों को कोई पैसा नहीं चुकाना होगा।

कोरोना विषाणु की अब तक जैसी प्रकृति देखी गई है, उसमें दुनिया भर के विशेषज्ञों ने यही बताया है कि इससे संक्रमित व्यक्ति के इलाज के दौरान जिस तरह की जटिलता देखी गई है, उसमें सबसे बेहतर यही है कि विषाणु के संक्रमण से बचाव के तरीके अपनाए जाएं। इसमें अन्य तरीकों के मुकाबले टीकाकरण को सबसे कारगर उपाय बताया गया है। यों शुरुआत में दो खुराक को कोरोना विषाणु के संक्रमण की रोकथाम के लिए पर्याप्त बताया गया था, लेकिन वक्त के साथ इसके बहुरूपों ने हालात को जटिल बनाया है। आज भी देश के कुछ हिस्सों में अचानक ही संक्रमण की रफ्तार में बढ़ोतरी हो जाती है। शायद यही वजह है कि सरकार ने अब इसके टीकों की दो खुराक के बाद कोरोना पर काबू पाने के मकसद से एहतियाती खुराक को और विस्तारित रूप में देने का फैसला किया है। हालांकि इसकी शुरुआत पहले ही हो चुकी है और इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों से लेकर कई स्तर पर पात्र लोगों को अतिरिक्त खुराक दिया गया है, लेकिन अब तक आम लोगों के बीच इसे लेकर एक तरह की उदासीनता देखी गई है। जबकि पहले के दोनों निर्धारित खुराक लेने के लिए लोगों ने पर्याप्त उत्साह दिखाया था। हो सकता है कि इस बीच कोरोना विषाणु के संक्रमण की रफ्तार में कमी आने की वजह से लोग निश्चिंत होते दिखे।

यह भी संभव है कि लोगों के भीतर कुछ आशंकाएं पैदा हुई हों। वजह चाहे जो हो, इस तरह के हालात में सरकार पर यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि लोग किसी अभियान में भाग लेते हुए खुद को सुरक्षित महसूस करें। इसके मद्देनजर सरकार ने कई स्तर पर सावधानी के साथ इस अभियान को गति दी है और इसमें लोगों की हिस्सेदारी को उत्साहित करने के मकसद से अतिरिक्त खुराक के लिए कोई शुल्क नहीं लगाने का फैसला किया है। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि एहतियाती खुराक लेने के प्रति भी लोग सजगता बरतेंगे और इस तरह महामारी को कमजोर करने के अभियान में भागीदारी निभाएंगे।

# कोरोना काल ने पूरी तरह बदल दिया है लोगों का खरीददारी करने का मिजाज

**महंगाई के बढ़ते जाने से उपभोक्ता मांग बढ़ने की बात करना ही बेमानी हो जाती है। लोगों की आय सीमित हो गई है। कोरोना का असर यह रहा है कि लोगों की नौकरी छूटी तो नौकरी को बचाने के लिए कई समझौते करने पड़े। संस्थानों ने, नियोक्ताओं ने कार्मिकों के वेतन भत्तों में तेजी से कटौती की। नौकरी की मजबूरी के चलते कार्मिकों को भी सब कुछ सहन करना पड़ा। कोरोना के बाद भी कई क्षेत्र तो ऐसे हैं जिनके पटरी पर आने में लंबा समय लगना तय माना जा रहा है। पर्यटन उद्योग, होटल उद्योग अभी पूरी तरह से पटरी पर नहीं आ पाया है तो दूसरी और कृषि लागत में बढ़ोतरी और न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से खाद्यान्न महंगे होते जा रहे हैं। चीन के कारण भी दुनिया के देशों की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। कोरोना के बाद से दुनिया के अधिकांश देशों की नजर में चीन विलेन के रूप में उभरा है वहीं चीन अभी भी कोरोना संकट से गुजर रहा है। लोग चीन से बेतहाशा नाराज हैं। उपभोक्ता का अपना मिजाज होता है। समय के साथ उसके मिजाज में बदलाव भी आता है।**



**महंगाई** की मार के साथ ही आम उपभोक्ताओं की मानसिकता में भी अब तेजी से बदलाव देखने को मिलने लगा है। बाजार के बदलते हालातों ने अब आम लोगों को ब्रांडेड के स्थान पर आम उत्पादों यानी कि लोकल उत्पादों का उपयोग करने की ओर प्रेरित किया है। साथ ही अनावश्यक खर्चों में कटौती करने को भी मजबूर किया है। एक्सिस माई इंडिया द्वारा हाल ही कराए गए कंज्यूमर सेंटीमेंट इंडेक्स सर्वे की नवीनतम रिपोर्ट में यह तथ्य उभर कर आए हैं। सभी तरह की उपभोक्ता वस्तुओं के दामों की बढ़ोतरी का असर सीधे रूप से बाजार में दिखाई देने लगा है। अब कोई भी वस्तु खरीदने से पहले आम आदमी दस बार सोचने लगा है और ब्रांड के साथ ही उसकी कीमत भी देखने लगा है। हालात यहां तक आने लगे हैं कि लक्जरियस वस्तुओं की खरीद को तो आम नागरिक कुछ समय के लिए टालने में ही भलाई समझने लगे हैं। बाजार जानकारों की मानें तो देश में तेज गर्मी के बावजूद एसी सहित अन्य इलेक्ट्रोनिक उत्पादों की खरीद में 25 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। संपन्न लोग भी मोबाइल हैण्डसेट बदलने को टाल रहे हैं या फिर नामी गिरामी ब्रांड नाम के स्थान पर लोग स्थानीय उत्पादों को तरजीह देने लगे हैं। यही नहीं रोजमर्रा के खाने पीने की वस्तुओं में भी अब लोकल का दबदबा होने लगा है। यह सब बाजार में बढ़ती कीमतों के कारण हो रहा है।

दरअसल कोरोना दौर का असर अभी तक जारी है। पूरी तरह से मार्केट संभल भी नहीं पाया है तो सोवियत रूस यूक्रेन युद्ध ने कोढ़ में खाज का काम कर दिया है। पर्यावरण असंतुलन के चलते तेज गर्मी व प्राकृतिक आपदाओं से दुनिया के देश जूझ रहे हैं तो आतंकवादी या हिंसक घटनाओं से कई देशों को दो चार होना पड़ रहा है। दुनिया के देशों में राजनीतिक अस्थितरता के कारण भी हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। दुनिया के देशों के सामने खाद्यान्न संकट मुंह बाये खड़ा है तो कच्चे तेल के बढ़ते भावों के कारण महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लाख प्रयासों के बावजूद महंगाई डायन है कि कंट्रोल में आने का नाम ही नहीं ले रही है। रूस यूक्रेन युद्ध से अलग हट कर भी देखें तो इंग्लैण्ड, इजरायल और कुछ हद तक अमेरिका के राजनीतिक हालात अच्छे नहीं कहे जा सकते तो श्रीलंका के हालात सामने आ चुके हैं। पाकिस्तान के हालात किसी से छिपे नहीं हैं तो अफगानिस्तान के हालातों की भी सभी को जानकारी है।

ऐसे में आर्थिक हालात पटरी पर आने की बात करना ही बेमानी होगा। यदि पेट्रोल डीजल के भावों को लेकर ही विश्लेषण किया जाए तो हम पाएंगे कि इनके बढ़ते दाम का असर पूरे बाजार पर तत्काल पड़ता है। क्योंकि वस्तुओं का परिवहन महंगा हो जाता है तो मूल्य में बढ़ोतरी स्वाभाविक ही हो जाती है। यह कोई अकेला कारक नहीं है पर इसका अपना और महत्वपूर्ण असर देखा जा सकता है। बाजार के हालिया हालातों से यह साफ हो जाता है। भारतीय बाजार की ही चर्चा करें तो भारतीय उपभोक्ता की मानसिकता को इसी से समझा जा सकता है कि 6 माह में स्मार्टफोन बदलने वाले उपभोक्ता अब इसे आठ से बारह महीने व इससे भी अधिक के लिए टालने लगे हैं तो बेतहाशा गर्मी के बावजूद एसी मार्केट उतना नहीं उठ पाया जितनी संभावना मानी जा रही थी। असल में देखा जाए तो सरकारों की लाख योजनाओं के बावजूद लोगों की स्वास्थ्य खर्च की चिंता अधिक बढ़ी है। कोरोना के बाद लोग स्वास्थ्य के प्रति अधिक सचेत हुए हैं। यही कारण है कि लोग स्वास्थ्य के प्रति अधिक संवेदनशील हो गए हैं। इसके साथ ही मेडिकल इंश्योरेंस के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। हालांकि इसके प्लस माइनस अलग विश्लेषण का विषय हो जाता है। देखा जाए तो जिस तरह से लोगों ने पेट्रोल-डीजल के भावों से समझौता कर ही लिया है तो फिर उसकी खानापूर्ति अपने अन्य खर्चों यहां तक कि घरेलू के दिन-प्रतिदिन के खर्चों में भी कमी करके की जाने लगी है। ऐसे में सवाल महंगाई पर अंकुश लगाने का हो जाता है। बढ़ते मूल्यों पर रोक और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना सरकार के सामने बड़ी चुनौती है और इस चुनौती का हल निकाल कर ही लोगों को राहत दी जा सकती है।

## व्यापार समाचार

# दूसरी तिमाही में चीन की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका, दुनिया पर गहराया आर्थिक मंदी का खतरा

नई दिल्ली।

वर्ष की दूसरी तिमाही में चीन की आर्थिक वृद्धि की दर तेजी से नीचे आई है। करों में बेतहाशा वृद्धि और कोरोना के बढ़ते मामलों के चलते सख्त लॉकडाउन से चीन में आर्थिक गतिविधियों में भारी कमी आई है। शुक्रवार के जारी आंकड़े वैश्विक मंदी की आशंका को और बढ़ा रहे हैं। बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने के लिए सरकारें ब्याज दरें बढ़ाती जा रही हैं, लेकिन इससे उपभोक्ताओं और व्यवसायों को अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उधर यूक्रेन युद्ध के चलते सप्लाई चेन को बनाए रखने की चुनौतियां पहले से मुंह बाए



खड़ी हैं। रायटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को जारी चीनी अर्थव्यवस्था के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल-जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में मामूली वृद्धि हुई है। एक साल पहले की तुलना में इसमें 0.4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए यह एक बेहद निराश करने वाला आंकड़ा है। इससे पहले रायटर्स ने चीन के जीडीपी आंकड़ों में 1 फीसद बढ़ोतरी का पूर्वानुमान लगाया था।

**खराब दौर में चीन की अर्थव्यवस्था :** टोक्यो में दाईची लाइफ रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रमुख अर्थशास्त्री टोरू निशिहामा ने कहा, चीन की अर्थव्यवस्था ढहने के कगार पर खड़ी है। मुद्रास्फीति से उपजी हुई मंदी मई-जून में सबसे खराब स्थिति में देखी गई है। इसमें लगातार दो तिमाहियों के दौरान संकुचन देखा गया है। संभावना है कि चीन की सरकार इसके सुधार के लिए आर्थिक प्रोत्साहन उपायों को लागू करें।

# अडाणी का हुआ इजराइल का दूसरा बड़ा पोर्ट

नई दिल्ली।

एशिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन गौतम अडाणी के ग्रुप ने अपने पार्टनर गैडोट के साथ मिलकर इजराइल के हाइफा पोर्ट के प्राइवेटाइजेशन की बोली जीत ली है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक पोर्ट में 70% हिस्सेदारी अडाणी पोर्ट के पास होगी। वहीं बाकी के 30% शेयर गैडोट के पास होंगे। गैडोट इजराइल में केमिकल और लॉजिस्टिक्स का बड़ा ग्रुप है। मेडिटरेनियन कोस्ट पर स्थित हाइफा पोर्ट इजराइल का एक मेजर ट्रेड हब है। गौतम अडाणी ने ट्वीट कर बोली जीतने की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, हमारे पार्टनर गैडोट के साथ मिलकर इजराइल के हाइफा पोर्ट के प्राइवेटाइजेशन के लिए बोली जीतने की खुशी है। ये पोर्ट दोनों देशों के लिए अत्यधिक स्ट्रैटेजिक और हिस्टोरिक महत्व वाला है।

**94 अरब रुपए की बोली लगाई थी :** अडाणी ने इजराइल की गैडोट के साथ मिलकर इस बिड के लिए 4.1 बिलियन शेकेल (94 अरब रुपए) की बोली लगाई थी। इन दोनों कंपनियों ने मिलकर बिड में शामिल अन्य कंपनियों डीएओ, इजराइल शिपयार्ड और शाफिर इंजीनियरिंग को पीछे छोड़ दिया। अडाणी ग्रुप और गैडोट अगले 32 साल, यानी 2054 तक इस पोर्ट का संचालन करेंगे।

**बंदरगाहों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी :** इजराइल के वित्त मंत्री एविग्डोर लिबरमैन ने कहा कि यह इजराइल के नागरिकों के लिए बेहद अच्छी खबर है। हाइफा के बंदरगाह के प्राइवेटाइजेशन से बंदरगाहों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और इस तरह जीवनयापन की लागत कम होगी।

# भारत की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाएं सार्वजनिक पूंजीगत व्यय कार्यक्रमों में अंतर्निहित : सीतारमण

नई दिल्ली।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाएं सार्वजनिक पूंजीगत व्यय कार्यक्रमों में अंतर्निहित हैं। इंडोनेशिया के बाली में आयोजित वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गर्वनरों की तीसरी जी20 बैठक (एफएमसीबीजी) में सीतारमण ने यह भी कहा कि जुझारू आर्थिक प्रणालियों के लिए साक्ष्य आधारित नीति निर्माण बेहद जरूरी है। सरकार ने कोविड-19 वैश्विक महामारी से प्रभावित आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने के लिए पूंजीगत व्यय पर जोर दिया है।







## आज का राशिफल

### मेष
आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

### वृषभ
आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

### मिथुन
परिजनों के साथ संभव हो, तो वाद-विवाद टालें। इगो को अलग रखकर मेल-जोलभरे वातावरण में काम करें। आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा।

### कर्क
आज व्यापार करने वालों को संभलकर चलना होगा। नौकरी में अधिकारियों के साथ बातचीत करते समय बहुत ध्यान रखें। संतान के स्वास्थ्य या पढ़ाई के विषय में चिंता रहेगी। लंबे समय के प्रवास की योजना बनेगी।

### सिंह
दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। आर्थिक मामलों में आज आपको बेहद सावधानी से आगे बढ़ना होगा। शाम के बाद आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज पदोन्नति के योग हैं।

### कन्या
व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा। दोपहर के बाद स्वास्थ्य के मामले में ज़रा संभलकर रहें।

### तुला
आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

### वृश्चिक
स्थायी संपत्ति के काम के लिए आज का दिन श्रेष्ठ है। व्यापार में सफलता मिलेगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। परिवार का वातावरण आनंदपूर्ण रहेगा। सामाजिक तथा आर्थिक क्षेत्र में लाभ होगा।

### धनु
हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

### मकर
आज दिन में स्नेहीजनों और मित्रों के साथ आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। नए वस्त्र तथा आभूषणों की खरीदी कर सकेंगे। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। नए सम्बंध बनाने से पहले सोचकर कदम बढ़ाएं।

### कुंभ
व्यापार के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी है। पारिवारिक वातावरण भी सुख-शांति का बना रहेगा। विरोधियों पर आप को विजय प्राप्त होगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए स्थल पर सहकर्मी विशेष सहायक बनेंगे।

### मीन
आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। दोपहर के बाद व्यापार में थोड़ी परेशानी आ सकती है। घर में शांति का वातावरण बना रहेगा।

# गहलोत सरकार में सात लाख से अधिक मुकदमें दर्ज

## ये प्रदेश में कानून व्यवस्था के बदहाल होने की पुष्टि करते हैं: सतीश पूनिया

**टैगोर एज्युकेशन ग्रुप के साइंस कैम्पस में प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री गहलोत पर जमकर बरसे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनिया**



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया शुक्रवार को कुचामनसिटी के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने टैगोर एजुकेशन ग्रुप के जूसरी रोड स्थित साइंस कैम्पस विद्यालय सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनकी सरकार पर जमकर हमले बोले। सतीश पूनिया ने राजस्थान प्रदेश सरकार की ओर से बार-बार की जा रही नेट बंदी पर तंज कसते हुए कहा कि यह सरकार नेट बंद करके कानून और व्यवस्था को दुरुस्त करना चाहती है जो कि मुनासिब नहीं है। राजस्थान में ऑपरेशन लोटस और गहलोत सरकार को गिराने के बारे में पूछे गए सवाल को डॉ सतीश पूनिया नकार नहीं पाए, हालांकि उन्होंने इसे अशोक गहलोत की और बार-बार लगाए जाने वाला आरोप बताया पर ये भीं कहा की कोई हमारे पास आता है तो उसका स्वागत है। राजस्थान में कानून और व्यवस्था के हालात पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वर्तमान कार्यकाल में सात लाख से ज्यादा मुकदमे दर्ज हो चुके हैं जो कि प्रदेश में कानून व्यवस्था के बदहाल होने की पुष्टि कर रहे हैं।

-पूरे देश के नौजवानों ने अग्निपथ योजना का समर्थन किया

अग्नीपथ योजना के बारे में डॉक्टर पूनिया ने कहा की राजस्थान से लेकर पूरे देश के नौजवानों ने अग्निपथ योजना का समर्थन किया है। इस योजना की सच्चाई को युवा समझें,इस मौके का फायदा उठाएं। पूनिया ने कहा युवाओं की सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ स्कीम के जरिए अग्निवीरों की भर्ती करने के क्रूनरेन्द्र मोदी के फैसला का मैं अभिनन्दन और स्वागत करता हूं। मोदी सरकार की इस योजना से देश के युवाओं को अब पिछली भर्तियों से 3 गुना ज्यादा मौके मिलेंगे। योजना में 17 से 21 साल के 10वीं, 12वीं या टेक्निकल डिप्लोमा पास नौजवानों को मौके मिलेंगे और वह 4 साल तक सेना में सेवाएं देंगे। 4 साल बाद जब वो सेना से वापस आएंगे, तो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा समेत कई प्रदेश सरकारों में उन्हें पुलिस और सहयोगी फोर्सेस में प्राथमिकता मिलेगी ।

### ये रहे मौजूद

टैगोर ग्रुप चेयरमैन पूर्ण सिंह रणवां, सुल्तानसिंह कल्याणपुरा, सीताराम चौधरी, ज्ञानाराम रणवां ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया को साइंस कैंपस में मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर टैगोर ग्रुप चेयरमैन पूर्ण सिंह रणवा, सुल्तान सिंह कल्याणपुरा, सीताराम चौधरी, पूर्व विधायक हरीश कुमावत, भाजपा किसान मोर्चा बीकानेर प्रभारी ज्ञाना राम रणवां, पूर्व विधायक विजय सिंह चौधरी, पूर्व विधायक मान सिंह, भाजपा नेता जितेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष मूलचंद बागड़ा,युवा नेता अरुण रिणवा सहित कई भाजपा जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मूसलाधार बारिश से कुचामन फोर्ट की पहाड़ी पर बनी दीवार ढही

## वाल्मिकी बस्ती की एक महिला गंभीर घायल, जयपुर रैफर

**घटना के बाद लोगो में रोष**

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन में शुक्रवार की शाम हुई मूसलाधार बारिश एक परिवार के लिए कहर बनकर टूटी। भारी बारिश के चलते कुचामन फोर्ट की पहाड़ी के चारो ओर बनाई गई नवीन दीवार ढह गई। हादसे में एक महिला गंभीर घायल हो गई जिसे राजकीय चिकित्सालय कुचामनसिटी में भर्ती कराया गया है। गंभीर अवस्था को देखते हुए महिला को जयपुर रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार शहर के वाल्मिकी कॉलोनी के ऊपरी हिस्से में यह हादसा हुआ है। मूसलाधार बारिश के कारण फोर्ट की दीवार अचानक भरभराकर ढह गई। हादसे में गीता पत्नी विनोद वाल्मिकी उम्र 40 वर्ष निवासी वाल्मिकी कॉलोनी कुचामन दब गई। महिला को तत्काल राजकीय चिकित्सालय लाया गया जहां से उसे जयपुर रैफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग हॉस्पिटल पहुंचे तथा रोष व्यक्त किया। घटना की सूचना मिलते ही कुचामन एसडीएम, तहसीलदार व पुलिस मौके पर पहुंची।

### पानी के रास्ते को ही रोक दिया

दरअसल पिछले कुछ समय से कुचामन फोर्ट के चारो ओर फैली पहाड़ी के चारों तरफ फोर्ट ट्रस्ट की ओर से चारदीवारी बनवाई जा रही है। चारदीवारी के किसी भी भाग में पानी के निकलने की जगह नहीं रखी गई। कुचामन फोर्ट से लाखों गैलन पानी नीचे आता है। जहां से बड़े बड़े नालों के रूप में पानी आता है वहां पर भी दीवारें खींच दी गई। नतीजा ये हुआ कि पानी को निकलने की जगह नहीं मिलने पर वह बहुत मोटी व विशाल दीवार को तोड़कर भी पार कर गया। दीवार टूटने पर पहाड़ी के पास ही बने एक मकान की रहवासी महिला गीता देवी भी हादसे की चपेट में आकर गंभीर घायल हो गई।



“

**इनका कहना है-**

'वर्ष 2017-18 में तत्कालीन भाजपा के बोर्ड में फोर्ट के चारों ओर तारबंदी की इजाजत दी गई थी, लेकिन उस समय के नगरपालिका चैयरमेन व ईओ से सांठ-गांठ करके फोर्ट के चारों तरफ तारबंदी की जगह दीवार बना दी गई है। पानी निकलने का कहीं कोई इंतजाम नहीं है, इसलिए ये हादसे हो रहे हैं। इससे लोगो में रोष व्याप्त है।'

**फूलचंद गूंद, स्थानीय पार्षद**

“





# कुचामन में मूसलाधार बारिश, निचले इलाके हुए जलमग्न



स्टेशन रोड



कुचामन आम कब्रस्तान के बाहर

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )** : शुक्रवार को मेघ कुचामन शहर में जमकर बरसे। शाम को अचानक मौसम ने पलटा खाया तथा आसमान गहरे काले बादलों से अट गया। देखते ही देखते मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हुआ जो देर रात तक रूक-रूककर जारी रहा। बारिश के बाद शहर की निचली बस्तियों में पानी भरा गया। स्टेशन रोड पर भी नली के बालाजी के पास पानी भर गया जिससे आवागमन बाधित रहा। बारिश के कारण सड़कों पर वाहन रैंगते दिखे।

वहीं मेगा हाईवे पर भी कई जगहों पर ताल-तलैया भर गए। भारी बारिश के चलते शहर के वाल्मिकी बस्ती के ऊपर बनी कुचामन फोर्ट की दीवार ढह गई जिससे एक महिला गंभीर घायल हो गई।

# लॉयन्स क्लब परबतसर ने स्कूलों व गौशाला में किए सेवा कार्य



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागोर डेली न्यूज़ ) :** शुक्रवार को लायंस क्लब परबतसर ने स्कूलों,गौशाला में विभिन्न सेवा कार्य किए। मेम्बरशिप चैयरमेन लॉयन बीरमाराम मुरावतिया ने बताया की लायंस क्लब परबतसर के सदस्य भामाशाह लॉयन बंसीलाल पिलानिया के जन्मदिन पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गिंगोली में 71 नव नामांकित बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई साथ ही इस अवसर पर लायंस क्लब परबतसर के सदस्यों व स्कूल स्टाफ द्वारा लॉयन पिलानिया का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया साथ ही विद्यालय में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर क्लब डायरेक्टर लॉयन राजेंद्र कुमार सोनी ने कहा कि सेवा ही लॉयन्स की सच्ची पहचान है एवं सेवा कार्यो से जरूरतमंद की सहायता की जा सकती है। क्लब के चार्टर अध्यक्ष एमजेएफ लॉयन रमेशचंद्र बोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा की सेवा कार्य कई प्रकार से किये जा सकते हैं लेकिन पिलानिया परिवार द्वारा भामाशाह के रूप में विद्यालय में जो सहयोग दिया जा रहा है बहुत ही अनुकरणीय कार्य है। क्लब अध्यक्ष लॉयन अनिल जोशी ने ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है और लायंस परिवार द्वारा जो सेवा कार्य किए जा रहे हैं उस से जरूरतमंद लोगों को फायदा मिल रहा है। भामाशाह हरजीराम पिलानिया ने कहा ने कहा कि लॉयन्स क्लब परबतसर ने क्षेत्र में सेवा कार्यो के नए आयाम बनाये है।

**ये रहे मौजूद**-इस अवसर लायंस क्लब परबतसर के अध्यक्ष लॉयन अनिल जोशी, चार्टर अध्यक्ष एमजेएफ लॉयन रमेश चंद्र बोहरा क्लब डायरेक्टर लॉयन राजेंद्र कुमार सोनी लॉयन इकबाल मोहम्मद छीपा लॉयन बीरमाराम मुरावतिया लॉयन जतना लूणा लॉयन मोती सिंह रुणीजा लॉयन रजत नंदवाना लॉयन कुंदन मेघवाल लॉयन रविंद्र चौधरी लॉयन किशन लाल चौहान, लॉयन दिनेशचंदद सैनी, भामाशाह हरजीराम पिलानिया विद्यालय स्टाफ नाथू राम सियाग जितुराम, मूलाराम गुर्जर, ज्योत्स्ना वर्मा, योगेंद्र सिंह, शेरा राम, मोहम्मद इरशाद , पूनम गोरा, शाला प्रधान राजेंद्र सिंह राठौड़,सारिका बोहरा, बलवीर सिंह, लक्ष्मीनारायण टाक, सोनिया आदी उपस्थित रहे।

# लाठियों से मारपीट के बाद में मृत्यु करने के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

मोहम्मद शहजाद



**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना पुलिस ने बरवाली ग्राम के आरोपी को एक युवक के साथ लाठियों से मारपीट करने के बाद उसकी मृत्यु होने के मामले में गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि गत 26 मई 2022 को थाना क्षेत्र के ग्राम बरवाली में आरोपी बाबूलाल पुत्र चोखाराम जाति मेघवाल उम्र 41 वर्ष निवासी मिंडकिया द्वारा प्रार्थी छोटू राम मेघवाल निवासी मोरेड के पुत्र बाबूलाल का रोड एक्सीडेंट में मृत्यु होने का मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसका अनुसंधान किया जा रहा था। इसी बीच 30 मई को प्रार्थी छोटू राम ने एक और रिपोर्ट घटना के संबंध में बाबूलाल मेघवाल द्वारा अपने पुत्र बाबूलाल मेघवाल के साथ बरवाली में मारपीट कर हत्या करने की रिपोर्ट दी गई थी। जिस पर पुलिस ने अनुसंधान करते हुए प्रार्थी के पुत्र मृतक बाबूलाल के साथ आवेश में आकर लाठियों से मारपीट करना पाया गया जिसके बाद में इलाज के दौरान बाबूलाल निवासी मोरेड की मृत्यु हो गई, जो आरोपी बाबूलाल निवासी मिडकिया के खिलाफ जुर्म धारा 304 आईपीसी का अपराध घटित होना पाया गया।

# परबतसर में दुकानों में घुसा बारिश का पानी

जुगल किशोर शर्मा



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** शुक्रवार सावन माह के दूसरे दिन शाम को जमकर बरसे इंद्र देव आखिरकार परबतसर में मौसम ने चुपी तोड़ी और 30 मिनट तक झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। बारिश से सड़कों व नालो में तेज गति से पानी बहने लगा और मौसम सुहावना हो गया। वहीं नगरपालिका के द्वारा डाक घर के सामने पानी का सही निकास नहीं बनाने के कारण दुकानों में घुसा पानी शुक्रवार को हर महीने की पन्द्रह तारीख को बाजार बंद रहते हैं तो काफी दुकानों में पानी घुस गया तथा कई व्यापारियों के नुकसान हुआ।







# हादसा : दिल्ली में गोदाम की दीवार गिरने से 5 की मौत

**नई दिल्ली।**

दिल्ली के अलीपुर इलाके में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन गोदाम की दीवार गिर गई। हादसे में अब तक 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, मलबे में कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई है और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि अब तक 9 लोगों को मलबे से निकाला गया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। मलबे में करीब 25 लोगों के फंसे होने की आशंका है। बताया जा रहा है कि दोपहर 12.30 बजे यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार ईंट की दीवार गिरने से मलबे को हटाने में दिक्कत आ रही थी। ऐसे में जेसीबी मशीन को काम पर लगाया गया।

### केजरीवाल ने हादसे पर जताया दुख

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने हादसे के बाद ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, अलीपुर में दुखद हादसा हुआ। जिला प्रशासन राहत और बचाव के काम में जुटा हुआ है। मैं स्वयं राहत कार्य पर नजर रखे हुए हूं। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।



# बेकाबू बोलेरो ने युवक को कुचला, मौत

## ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगा किया प्रदर्शन

### एएसपी व सीओ सहित पुलिस जाब्ता पहुंचा मौके पर

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती पीलवा थाना क्षेत्र के गांव पुंवालिया निवासी एक युवक को बेकाबू बोलेरो चालक ने कुचल दिया, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सम्पतराम पुत्र धन्नाराम बावरी (32) रात 2 बजे पीह की तरफ जा रहा था। हादसे के समय बोलेरो चालक व मृतक की पत्नी दोनों एक साथ मिले व दोनों के फोन स्विच आफ आने से परिजनों को संदेह हुआ कि युवक की दुर्घटना नही, हत्या हुई हैं। प्रकरण की जानकारी मिलने पर गुस्साए ग्रामीणों ने सरपंच अमरचंद जाजड़ा की अगुवाई में प्रदर्शन कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों द्वारा आक्रोश व्यक्त किए जाने की सूचना मिलने पर एएसपी पर एवं पुलिस उप अधीक्षक मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से समझाइश की। ग्रामीणों व परिजनों की मौजदूगी में पुलिस ने सीएचसी बाजवास पर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ दुर्घटना का मामला भी दर्ज किया हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी बोलेरो चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी।

**ये था पूरा मामला :** जानकारी के अनुसार पुंवालिया निवासी सम्पतराम पुत्र धन्नाराम बावरी (32) से अपनी बाईक लेकर देर रात 2 बजे पीह की ओर जा रहा था। पीह की ओर से आ रही एक बोलेरो कार संख्या आरजे 02 वीए 1708 ने तेज गति व लापरवाही से चलाते हुऐ रघुनाथपुरा व पीह के बीच टक्कर मार दी। टक्कर में बाईक सवार की मौके पर ही मौत सो गई।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों ने हत्या का अंदेशा जताया। परिजनों ने बताया कि दुर्घटना से पूर्व बोलेरो चालक सूरसिंह व मृतक की पत्नी पारकी देवी 12 बजे तक साथ थे व दोनों के फोन बन्द थे,मृतक की पत्नी अपने बच्चों को साथ ले सनेडिया से रात को बोलेरों चालक के साथ थी। इसको लेकर परिजनो व ग्रामीणों ने पुलिस के समक्ष युवक की मृत्यु दुर्घटना में नहीं हत्या होना मानकर सीएचसी बाजवास पर पोस्टमार्टम को लेकर अड़े रहे। अस्पताल परिसर में ग्रामीणों के हंगामे को देखते हुऐ एडिशनल एसपी गणेशाराम डीडवाना व पुलिस उप अधीक्षक मकराना रविराज सिंह ने मौके पर जाकर ग्रामीणों एवं परिजनों से समझाइश की। सरपंच अमरचंद जाजड़ा एवं अन्य प्रतिनिधिमंडल के साथ सकारात्मक वार्ता होने के बाद परिजन पोस्टमार्टम करवाने को राजी हुए। चिकित्सकों ने बताया कि युवक की मृत्यु सिर के पीछे टक्कर में गंभीर चोट लगने से हुई हैं।



**मृतक की पत्नी व बोलेरो चालक रात में थे साथ व फोन बंद आने हुआ संदेह**

### ऐसे हुआ हत्या का शक

मृतक की पत्नी व दुर्घटनाकारित करने वाला बोलेरों चालक सूरसिंह 12 बजे तक साथ थे व दोनों के मोबाईल भी बन्द थे,फिर दोनों मिले तो घबराहट में सही बता नहीं रहे थे,परन्तु जब कुछ देर बाद तसल्ली से पूछताछ की तो सामने आया कि इन दोनों की कोई संलिप्तता नहीं हैं,व मृत्यु टक्कर लगने से हुई हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सीएचसी बाजवास पर करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया हैं। मामले को लेकर पुलिस की जांच जारी हैं।

### इनका कहना हैं

मृतक की पत्नी व बोलेरो चालक रातभर से दोपहर बारह बजे तक साथ थे व दोनों के मोबाईल भी बन्द थे अत: जाहिर हैं परिजनों सहित ग्रामीणों को सीधा संदेह हुआ कि यह दुर्घटना नहीं हत्या हैं। पर जब दोनों मिले तो बातचीत से सामने आया कि युवक की मृत्यु टक्कर से ही हुई हैं। इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए।

**अमरचंद जाजड़ा, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष व पीह सरपंच।**

# सड़क निर्माण में आये दिन टूटती है पाइप लाइन



### जलदाय विभाग की कुम्भकरणी नींद के आगे आम जनता बेबस, नहीं मिलता पीने को पानी

सहदेव चौधरी

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज़ ) :** शहर के वार्ड संख्या 2 में अंजनी माता मन्दिर से लेकर बियाणी पैट्रोल पम्प तक सीसी सड़क के निर्माण में लगभग पिछले बीस दिनों में तकरीबन दस से पंद्रह बार गुर्जरों की ढाणी एवं कुचामन रोड़ की तरफ जल सप्लाई करने वाली पाइप टुट चुकी है, जिसे वार्डवासियों द्वारा जलदाय विभाग में शिकायत करने के कयी दिनों बाद दूर किया जाता है।

**चार दिनों बाद की जाती जल सप्लाई :** शहर के वार्ड संख्या 2 में चार दिनों बाद जल सप्लाई की जाती है, जिससे वार्ड के आम जन को पानी का इन्तजार रहता है। सड़क निर्माण के कारण विगत कई दिनों से गुर्जरों की ढाणी एवं इस लाइन से होने वाली जल सप्लाई बाधित होने के कारण गरीब एवं मजदूर तबके के लोगों को पांच सौ से सात सौ रुपए देकर पानी टैंकरों से खरीदना पड़ रहा है। ऐसे में एयर वाल्व से टपकने वाला पानी ही मजदूरों की प्यास बुझाने में मददगार बना हुआ है। लेकिन जलदाय विभाग के अधिकारियों को मानों इस बात से कोई सरोकार ही नहीं है।

**क्यों टूटती है बार बार पाइप लाइन :** शहर में करोड़ों की लागत से चार नयी पानी की टंकियों का निर्माण होने के साथ साथ पूरे शहर में नयी पाइप लाइन बिछाने का कार्य ठेकेदारीप्रथा में दिया गया है।जिसे ठेकेदार के द्वारा कम से कम तीन फुट धरातल के नीचे खड्डु खोदकर पाइप लाइन बिछाई जानी थी।पर मिली-भगत के कारण यह पाइप लाइन कहीं कहीं एक से डेढ़ फुट धरातल में ही बिछाई गई है।जिस पर सड़क निर्माण के दौरान जेसीबी मशीन की हल्की-फुल्की खुदाई में ही पाइप लाइन टूट जाती हैं, जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है पर विभाग मौन होकर बस तमाशबीन बना हुआ है।

**आरटीआई के तहत मांगी गई है, सूचना पर नहीं आया कोई जवाब :** शहर के वार्ड संख्या 2 के निवासी द्वारा आर टी आई के तहत यह सूचना चाही गई है कि ठेकेदार फर्म का नाम,कितने किलोमीटर शहर में नयी पाइप लाइन डाली गई है एवं कितने फुट धरातल में अन्दर पाइप लाइन डाली गई है।इस बात को लेकर एक्स ई एन कुचामन से सूचना चही गयी है पर लगभग एक माह बाद भी विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है।

### इनका कहना है

'वार्ड वासियों द्वारा वार्ड संख्या 2 में सड़क निर्माण में पाइप लाइन टूटने की सूचना मिली है, कर्मचारियों को भिजवा दिया गया है।'

**झाबर मल गढ़वाल, कनिष्ठ अभियंता,जलदाय विभाग नावां**

# भिड़ासरी गांव में कागजों में बन गई सड़क

## शिकायत के बाद रातों रात शुरू हुआ निर्माण कार्य



अबूबकर बल्खी

**लाडनू( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ तहसील के ग्राम भिड़ासरी में लाखों रुपये लागत की सड़क कागजों मे बन गई। अब इस घोटाले की जांच की मांग को लेकर जागरूक ग्रामीण लामबंद हो गए है। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी लाडनूँ एंव जिला कलेक्टर नागौर तक मामले की शिकायत कर जांच की मांग की है । स्थानीय निवासी कुंभाराम पुत्र मानाराम के नेतृत्व में शुक्रवार को फिर से दर्जनों ग्रामीणों ने एकत्रित होकर लाडनू एसडीएम अनिल कुमार एवं पंचायत समिति विकास अधिकारी भंवरलाल कालवी को ज्ञापन सौंपकर भिड़ासरी गांव में सुरजाराम के घर से उप स्वास्थ्य केंद्र तक सीसी ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार होने का अंदेशा जताया है। इस मामले की जांच कर लिप्त ग्रामपंचायत के जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग भी की है। ग्रामीणों का कहना है कि मौके पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य पिछले 5 सालों से नहीं हुआ जबकि कागजों में एवं 30 जून को ऑनलाइन पोर्टल पर लाखों रुपये लागत की सीसी ब्लॉक सड़क का बनना भी दर्शा दिया। इस निर्माण कार्य को कागजों में दिखाकर सरकारी पैसों की बंदरबांट करने का आरोप लगाया है। शिकायत होने के बाद ग्राम पंचायत ने मौके पर जेसीबी लगाकर रातों-रात खुदाई कर सीसी ब्लॉक सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जिसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया है। इस बारे में स्थानीय अधिकारियों के समक्ष पेश होकर दर्जनों लोगों ने सड़क निर्माण कार्य में घोटाले की जांच करने व जांच रिपोर्ट नहीं आने तक निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है ।

### इनका कहना है

'मौके पर टीम को भेज दिया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाही की जाएगी।'

**भंवराराम कालवी ( विकास अधिकारी लाडनूँ )**

'सड़क निर्माण स्वीकृत होने के बाद कार्य शुरू कर दिया गया है। मौके पर निर्माण कार्य चल रहा है। लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद है। राजनीतिक द्वेषता के चलते ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है।'

**राजेंद्र मंत्री ( सरपँच भिड़ासरी )**

# भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने मेरा बूथ बने मजबूत का दिया मंत्र

मोहम्मद शहजाद



**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल मकराना की कार्यसमिति की बैठक शहर मंडल अध्यक्ष घनश्याम सोनी की अध्यक्षता व ज़िला कोषाध्यक्ष महेन्द्र रान्दड़ के मुख्य आतिथ्य में बोरावड़ रोड बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई, जिसमें मंडल कार्यकारिणी के किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बूथ अध्यक्ष, बूथ समितियां, पन्ना प्रमुख, शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारी की पूर्ण रूप से नियुक्ति कर उनको कार्यभार सौंपा गया। संगठन को और मजबूत करने के लिए मेरा बूथ बने मजबूत का मंत्र दिया गया। मुख्य अतिथि महेन्द्र रान्दड़ ने सशक्त मंडल, मज़बूत बूथ समिति व पन्ना प्रमुख की पूरी जानकारी दी व मण्डल पदाधिकारी की लगभग शत प्रतिशत उपस्थिति पर सन्तोष व्यक्त किया व सभी पदाधिकारियों को शक्ति केन्द्र व बूथो का प्रभार देने का आव्हान किया तथा बूथ स्तर तक प्रवास करने को कहा साथ ही मंत्र दिया की बूथ जिता तो चुनाव जिता। रान्दड़ ने मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने का भी संकल्प दिलाया व जिला कार्यकारिणी का प्रस्ताव पारित करवाया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष महेन्द्र रान्दड़, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विरमाराम किरडोलिया, घुमत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ईश्वर लाल बंजारा, भाजपा नेता मोहन सिंह चौहान, मंडल महामंत्री सर्वेश्वर मानधनिया, एससी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल बंजारा, महामंत्री विक्रम सिंह, पूर्ण सिंह चौहान, मंडल उपाध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र व्यास, मंडल कोषाध्यक्ष बजरंग लाल जाटोलिया, बुथ अध्यक्ष श्री भगवान काबरा, सोनम दाधीच, कल्पना जैन, राधा देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष तारामणी मून्दडा, सब्बीर अहमद गैसावत, अफ़ज़ल भाटी, नरेन्द्र सिंह चौहान, प्रीतम सोनी, नन्द सिंह चौहान सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मंत्री रमेश मीणा के बयान पर भड़के सरपंचगण हटाने की मांग



### सरपंच संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मीणा को हटाने की मांग

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** पंचायतीराज मंत्री रमेश मीणा के नागौर दौरे पर दिये गये बयान पर जायल ब्लॉक के सरपंचगणों में भारी रोष है। शुक्रवार को सरपंच संघ ने उपखण्ड अधिकारी रविन्द्र कुमार को ज्ञापन सौपा। सरपंचों ने बताया की पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा नागौर दौरे पर घोटाला जैसे गलत बयान देने पर नागौर जिले के सरपंचों ओर ठेकेदारों में भारी रोष व्याप्त है। समय रहते राज्य सरकार द्वारा द्वेषपूर्ण गठित की गई जांचों को स्थगित कर समय पर बकाया भुगतान करावे अन्यथा तालाबन्दी सहित भारी आंदोलन किया जायेगा।

इस मौके पर सरपंच संघ अध्यक्ष महिपाल थालोड,खिंयाला सरपँच प्रतिनिधि बेनिगोपाल रतावा, दुग्सताऊ सरपंच राजेन्द्र डिडेल दोतिणा सरपंच प्रतिनिधि बीरबल बांगड़ा,रोहिणा सरपंच शारदा, छापड़ा सरपंच विजेश पारीक,डेह सरपंच रणवीर सिंह,आकोड़ा सरपँच राधेश्याम, रातगा सरपंच सन्तोष सहित सरपँच मौजूद रहे।

# प्रशासन शहरों के संग अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ



### 26 पट्टों का किया वितरण

अबू बकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** नगरपालिका सभागार में एसडीएम अनिल कुमार की मौजूदगी में प्रशासन शहरों के संग अभियान के द्वितीय चरण का विधिवत शुभारंभ किया गया इस दौरान पालिकाध्यक्ष रावतखान, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी मघराज डूडी ने 26 पट्टों का वितरण किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी अनिल कुमार ने पार्षद एंव जनप्रतिनिधियों को ज्यादा से ज्यादा टास्क लेकर पट्टे बनवाने के लिए वार्डवासियों को जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी। पालिका ई.ओ. डूडी ने 69 ए. के पट्टे बनवाने व कृषि भूमि के पट्टों की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 15 जुलाई से पुन: शुरू किया है जिससे शहर के सभी वार्डों में शिविर लगाकर पट्टे जारी किए जाएंगे।

# साइकिल यात्रा से पर्यावरण बचाने का संदेश देकर युवाओं में जगा रहे है अलख

हुकमाराम ताडा



**खींवसर( नागोर डेली न्यूज़ ) :** खींवसर उपखंड मुख्यालय पर शुक्रवार दोपहर को उत्तर प्रदेश का निवासी सुंदरम तिवारी साइकिल से पर्यावरण बचाने का संदेश लेकर खींवसर पहुंचकर युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागृत किया। तिवारी ने सम्पूर्ण भारत यात्रा के लिए साईकिल से रवाना होकर साईकिल पर यात्रा करने वाले पर्यावरण संरक्षण व फीट इंडिया संकल्प लेकर सम्पूर्ण भारत में अलख जगा रहे हैं। स्थानीय पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुन्दरम तिवारी ने बताया कि मूलत: उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं।अपनी यात्रा की शुरुआत सात अप्रैल को लखनऊ से किया।यात्रा को रवाना उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने हरि झंडी दिखा कर रवाना किया। पूर्वोत्तर के सात राज्यों उत्तर प्रदेश, हिमांचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, लद्दाख़ की यात्रा पूरी करने के बाद नागौर से रवाना होकर 2 खींवसर पहुंचे। सुंदरम ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया गया।

उपस्थित लोगों को पर्यावरण स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई एवं पौधा रोपण भी किया। उन्होंने ने बताया कि पिछले 3 महीने 6 दिन की यात्रा के दौरान वो अभी तक 1 लाख 32हज़ार 358 पौधे समाज के माध्यम से लगा चुके हैं। जिसके साथ- साथ अभी तक हजारों की संख्या में स्कूलों, कॉलेजो के अलावा कई सामाजिक लोगो के साथ अपना मंच सांझा कर चुके हैं।आज के कार्यक्रम में डॉ धीरेन्द्र जी शर्मा, दिलीप शर्मा, सुरेन्द्र बोराणा, गोपाल राव, राजेन्द्र, नानक आचार्य, सत्यनारायण चौकीदार , सीता राम बाबा, बीजेपी महिला मण्डल अध्यक्ष विधियां राव, सुनिया सैन आदि मौजूद रहे।

आगे साइकल से गुजरात होते हुए महाराष्ट्र गोवा और ऐसे पूरे देश की यात्रा करते हुए समापन दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पौधा लगाकर समापन करेंगे। उन्होंने बताया कि लगभग 14 महीनों तक यात्रा चलेगी।

# विधायक मिर्धा के जन्मदिन पर हुए कार्यक्रम



हरसौर(नागौर डेली न्यूज) :

शुक्रवार को विधायक विजयपाल मिर्धा के जन्मदिन पर कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। ऑल इंडिया राजीव गांधी कांग्रेस जिलाध्यक्ष इकबाल ठेकेदार व डॉ दिलदार खान के नेतृत्व में विधायक विजयपाल मिर्धा को जन्मदिन की बधाई देने बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता डेगाना पहुँचे। इस अवसर पर जिसमे पूर्व उपप्रधान शहबाज खा, जिला सचिव सिकंदर, बरकत दायमा, अयूब खा, हीर खा मुल्तानी इब्राहिम, बद्री शाह, सुबराती मेशरी, रिजवान अली वार्डपंच, अली मो पंवार, नूर मोहम्मद, शरीफ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा मारोठ मण्डल व नावां ग्रामीण कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** मारोठ एवं नावां ग्रामीण मण्डल भाजपा कार्यसमिति की मिटिंग भैरवनाथ मन्दिर मारोठ में शुक्रवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट राजेश गुर्जर एवं विजयपाल ने पार्टी की नीति रीति, फोटो युक्त बूथ समिति, पन्ना प्रमुख आदि विषयों पर चर्चा की गई व संगठन की मजबूती पर भी बल दिया। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने को कहा। इस क्रम में संगठन मजबूती को लेकर चर्चा की गई। संगठन मजबूती को लेकर कार्यकारिणी सदस्यों ने विभिन्न सुझाव दिए। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति बनाई गयी।

# मंगलीदेवी स्कूल में चलेगा नया राजकीय कन्या महाविद्यालय

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों से इसी वर्ष बजट में घोषित राजकीय कन्या महाविद्यालय के संचालन हेतु अस्थाई रूप से मंगलीदेवी स्कूल के भवन का चयन किया गया है। इसमें इसी सत्र से अध्ययन कार्य शुरू हो सकेगा। उपखण्ड अधिकारी के साथ पिछले समय भामाशाहो की मीटिंग में इस भवन के पूर्ण जीर्णोद्धार का निर्णय लिया गया था जसके तहत भवन की सम्पूर्ण मरम्मत, बिजली नल फिटिंग, रंगरोशन, फर्नीचर आदि सभी कार्य कुचामन विकास समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश काबरा के तत्वावधान में कराने का निर्णय लिया गया था। काबरा ने बताया की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के सभी कार्य प्रारम्भ कर दिये गये है तथा एक माह में सभी सुविधाओं से युक्त भवन तैयार होकर राज्य सरकार के नियमानुसार इसी सत्र से छात्राओं के अध्ययन हेतु प्रारम्भ हो सकेगा जिससे कुचामन व आस-पास के क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा जारी रखने की सुविधा हो सकेगी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com